केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**के.मा.शि.बो./शैक्ष./विज्ञान प्रदर्शनी/2022/** **दिनांक: 29.09.2022**

**परिपत्र संख्या 116/2022**

**के.मा.शि.बो. से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23**

हमारे जीवन में विज्ञान का अतुलनीय योगदान है। यह हमें अपने आस-पास की दुनिया को बेहतर रूप से समझने में सहायता करता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षार्थियों में जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए कई प्रयास कर रहा है, जिनका उद्देश्य शिक्षार्थियों को नवसृजन और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना है।

सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन इस दिशा में एक ऐसा ही कदम है। प्रदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है जहाँ पर वे प्रचलित अवधारणाओं से नए विचारों को जोड़कर ज्ञानार्जन की दिशा में आगे बढ़ सकें।

सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी शैक्षणिक -सत्र 2022-23 के लिए अक्टूबर -दिसंबर 2022 के मध्य क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न भागों में आयोजित की जाएगी।

**2022 – 23 विज्ञान प्रदर्शनी के विषय व उप-विषय निम्नलिखित हैं:**

| विषय | उप-विषय |
|---|---|
| ***प्रौद्योगिकी और खिलौने*** | 1. सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में उन्नति<br>2. पर्यावरण अनुकूल सामग्री<br>3. स्वास्थ्य और स्वच्छता<br>4. परिवहन और नवाचार<br>5. पर्यावरण सम्बंधित चिंताएं<br>6. वर्तमान नवाचार के साथ ऐतिहासिक विकास<br>7. हमारे लिए गणित |
| *यह प्रदर्शनी सभी सीबीएसई विद्यार्थियों के लिए 02 श्रेणियों में उपलब्ध है: (1) - कक्षा 6-8 और (2)- कक्षा 9-11* | |

बोर्ड, संबद्ध विद्यालय के विद्यार्थियों (कक्षा 6 से 11) को अनुसंधान-आधारित विज्ञान परियोजना या मॉडल तैयार करने के लिए आमंत्रित कर रहा है जिसका मुख्य विषय प्रौद्योगिकी और खिलौनों के अंतर्गत सूचीबद्ध उप -विषयों से लिया जाना चाहिए तथा विद्यार्थी अपने विद्यालय की सहायता से https://cbseit.in/cbse/2022/sciex/index.html पर पंजीकरण करके विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 में सहभागिता दर्ज कर सकते हैं।

**प्रतिभागिता हेतु दिशा-निर्देश**

1. सहभागिता के इच्छुक सभी विद्यालयों को https://cbseit.in/cbse/2022/sciex/index.html लिंक पर 30 सितम्बर से 17 अक्टूबर के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 17

अक्टूबर, 2022 है जबकि बैंक से भुगतान की पुष्टि 18 अक्टूबर, 2022 तक होगी।

2. पंजीकरण शुल्क नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ऑनलाइन जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| भारत में स्थित विद्यालयों के लिए | रु.1500/- प्रति पंजीकरण |
| भारत के बाहर स्थित विद्यालयों के लिए | रु. 3000/- प्रति पंजीकरण |

3. सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 कि 02 श्रेणियों में से विद्यार्थी किसी में भी सहभागिता कर सकते है:

   श्रेणी I - कक्षा 6 - 8; तथा

   श्रेणी II - कक्षा 9 - 11

   इस प्रदर्शनी के लिए पंजीकृत एक विद्यालय टीम में –
   अ. या तो एक विद्यार्थी या एक ही श्रेणी के दो विद्यार्थी; एवं
   ब. एक मेंटर विज्ञान शिक्षक प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।
4. सहभागी विद्यालय अधिकतम दो टीमों का पंजीकरण कर सकता है।
5. एक बार पंजीकृत होने के बाद विद्यार्थियों और मेंटर शिक्षक के नाम प्रदर्शनी के किसी भी चरण में परिवर्तित नहीं किए जाएंगे। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली टीम भी समान ही रहेंगी ।
6. पंजीकरण के उपरांत चयनित उप-विषय को परिवर्तित नहीं जा सकता है। इसी तरह, परियोजना का शीर्षक भी परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।
7. परियोजना कार्य को ऑनलाइन जमा करने के लिए प्रत्येक पंजीकृत टीम को एक विशिष्ट लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान किया जाएगा।
8. विद्यार्थी/टीम निम्न कार्य कर सकते हैं -
   - जांच-आधारित अध्ययन;
   - विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों का अनुप्रयोग;
   - किसी समस्या/चुनौती का एक नवीन समाधान ।

सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी और शिक्षक https://cbseit.in/cbse/2022/sciex/index.html लिंक का उपयोग कर सकते हैं।

9. प्रदर्शनी की तैयारी में पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का प्रयोग किया जाना चाहिए।
10. सहभागी टीमों को निर्धारित समय-सीमा (अक्टूबर 2022) के भीतर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके पोर्टल पर अपनी संबंधित परियोजनाओं (शीर्षक, विवरण, सूची सामग्री, चित्र, वीडियो) का विवरण प्रस्तुत करना होगा।
11. प्रविष्टियों की स्क्रीनिंग क्षेत्रीय/राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी से पूर्व की जाएगी।
12. निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर प्रदर्शनी की प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया जाएगा:

| | | |
|---|---|---|
| क. | रचनात्मकता | 20% |
| ख. | मौलिकता और नवीनता | 15% |

| | | |
|---|---|---|
| ग. | वैज्ञानिक विचार/सिद्धांत/दृष्टिकोण | 15% |
| घ. | तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल आदि। | 15% |
| ड. | भविष्य में समाज के लिए शैक्षिक मूल्य, मापनीयता और उपयोगिता | 15% |
| च. | कम खर्च (कम लागत) और टिकाऊ | 10% |
| छ. | प्रस्तुति – देखने में प्रभावशाली और प्रासंगिक स्पष्टीकरण | 10% |

विशेषज्ञों का निर्णय अंतिम होगा।

13. क्षेत्रीय स्तर पर प्रदर्शनी देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी स्थलों के विषय में सूचना सीबीएसई की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी और प्रत्येक विद्यालय को उनकी ईमेल आई डी पर भी सूचना भेजी जाएगी।
14. कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सहभागी विद्यालय/टीम को सभी खेर्चे स्वयं ही वहन करने होंगे।
15. सहभागी टीमें प्रदर्शनी स्थल /शहर में अपने ठहरने/भोजन की व्यवस्था स्वयं करेंगी।
16. क्षेत्रीय स्तर पर **चयनित सर्वश्रेष्ठ चौबीस प्रदर्शनियाँ** (प्रदर्शन की गुणवत्ता के आधार पर संख्या बढाई या घटाई जा सकती है) राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पात्र होंगी (तिथि और स्थान का विवरण यथा समय सूचित कर दिया जाएगा)।
17. राष्ट्रीय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के साथ -साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।
18. सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं के नाम बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023 के लिए एन.सी.ई.आर.टी. को दिए जाएँगे । प्रदर्शनी में भाग लेने की पुष्टि उनके चयन पर आधारित होगी। विजेताओं को इनिशिएटिव फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन साइंस (आईआरआईएस) द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता के लिए उनके चयन के आधार पर सीधे प्रवेश भी मिल सकता है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया https://cbseit.in/cbse/2022/sciex/index.html वेबसाइट देखें।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए, आप 011-23211575 पर संपर्क कर सकते हैं या science.fair@cbseshiksha.in पर ई-मेल भेज सकते हैं ।

**बोर्ड 14 अक्टूबर 2022 को दोपहर 3.00 से 4.00 बजे तक विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों और मेंटर शिक्षकों के लिए एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन करेगा, जिसे https://tinyurl.com/Sci-exhibition पर देखा जा सकता है।**

सभी विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करें। यह गतिविधि न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती है , वरन् शिक्षार्थियों में वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए नवीन समाधानों को विकसित करने और परीक्षण करने का भी अवसर देती है।

शुभकामनाओं सहित।

**(डॉ जोसफ इमानुवल)**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**अपने अधिकार क्षेत्र के सभी स्कूलों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ नीचे दिए गए अनुसार निदेशालय, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी, कमरा नं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110 054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (स्कूल), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791 111
10. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, वी.आई.पी. रोड अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. शिक्षा निदेशक, एस.आई.ई., केमशिबो प्रकोष्ठ, वी.आई.पी. रोड, जंगली घाट, पी.ओ. 744103, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
12. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
13. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
14. सचिव, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (APS के पास), दिल्ली कैंट-110010
15. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध स्कूलों के सभी प्रमुखों को इस परिपत्र को भेजें।
16. सभी संयुक्त सचिव/ उप सचिव/ सहायक सचिव/ एसपीएस/ विश्लेषक, सीबीएसई
17. सभी प्रमुख/ प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
18. प्रभारी आईटी यूनिट इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई की शैक्षणिक वेबसाइट पर डालें
19. प्रभारी, पुस्तकालय
20. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), सीबीएसई
21. अध्यक्ष के उप सचिव, सीबीएसई
22. सचिव, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव.
23. निदेशक (शैक्षणिक), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव.
24. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव.
25. परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव.
26. निदेशक (कौशल शिक्षा), सीबीएसई के लिए वरिष्ठ निजी सचिव.
27. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), सीबीएसई को वरिष्ठ निजी सचिव
28. निदेशक (प्रशिक्षण), सीबीएसई को वरिष्ठ निजी सचिव.
29. निदेशक (सीटीईटी), सीबीएसई के लिए वरिष्ठ निजी सचिव
30. निदेशक (एडुसैट), सीबीएसई के वरिष्ठ निजी सचिव
31. रिकॉर्ड फाइल

निदेशक (शैक्षणिक)